# पश्चिम मध्य रेल्वे सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नकज
# West Central Railway Senior Secondary School NKJ

**CBSE Aff. No.:**1080013 **Email Id.:** principal63480@gmail.com, **Web.:** wcrschoolnkj.com, **Ph. No.**:07622-237001 **School Code: 54012** [14585]


## संविदा शिक्षकों हेतु साक्षात्कार

पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू कटनी जंक्शन में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अंशकालिक आधार पर विभिन्न विषयों के लिए संविदा शिक्षकों के निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिसमें निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज़ की स्वप्रमाणित प्रति के साथ **उपस्थित होकर या डाक** द्वारा कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करें। **आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 25/02/2023 सायं 05:00 बजे तक।**
**डाक द्वारा आवेदन भेजने का पता :-** पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी (म.प्र.) - 483501

| क्र. | पद | विषय | रिक्तियों की संख्या | साक्षात्कार की तिथि एवं समय | समेकित मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीजीटी | वाणिज्य | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | Rs. 27,500/- |
| 2 | पीजीटी | अर्थशास्त्र | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 3 | पीजीटी | हिन्दी | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 4 | टीजीटी | संस्कृत | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 5 | टीजीटी | हिन्दी | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 6 | टीजीटी | सामाजिक विज्ञान | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 7 | पीजीटी | अंग्रेजी | 01 | 02/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 8 | पीजीटी | भौतिकी | 01 | 03/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | Rs. 26,250/- |
| 9 | पीजीटी | जीव विज्ञान | 01 | 03/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 10 | पीजीटी | रसायन शास्त्र | 01 | 03/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 11 | टीजीटी | गणित | 01 | 03/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 12 | टीजीटी | अंग्रेजी | 01 | 03/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | |
| 13 | पीटीआई | | 01 | 03/03/2023 को प्रातः 09:30 बजे | रेल्वे द्वारा निर्धारित समेकित वेतन। |

**नोट :-** सभी उम्मीदवार विद्यालय में निर्धारित समय से 01 घंटे पूर्व आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित हो।

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता :-**

**पीजीटी** : (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बंधित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि।
(2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. एड. और समकक्ष उपाधि।
(3) हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्यापन प्रवीणता।

**पीजीटी (हिन्दी)** : (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी या संस्कृत विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ स्नातक स्तर पर हिन्दी एक मुख्य विषय के रूप में हो
(2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. एड. और समकक्ष उपाधि।

**टीजीटी** : (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बंधित शिक्षण विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की उपाधि।
(2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. एड. या समकक्ष उपाधि।
(3) इस उद्देश्य के लिए एनसीटीई द्वारा बनाए गए दिशानिर्देशों के अनुसार सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधित विषय में (टीईटी / सीटीईटी) में अर्हता प्राप्त।
(4) हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्यापन प्रवीणता।

**पीटीआई** : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक B.P.Ed. उत्तीर्ण।

**टीप** :- अतिरिक्त योग्यता जैसे - कंप्यूटर का ज्ञान, संगीत-कला, योगा, शारीरिक शिक्षा एवं काउंसलर आदि को वरीयता दी जाएगी।

**अन्य नियम और शर्तें:**

1. संविदा शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य सहित शिक्षा से संबंधित सभी कार्य करने होंगे जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाएगा।
2. संविदा शिक्षकों का नियमित आधार पर नियुक्ति का कोई दावा या अधिकार नहीं होगा और वे नियमित रेलवे शिक्षकों के संवर्ग का हिस्सा नहीं होंगे, साथ ही वे नियमित कर्मचारियों की किसी अन्य सुविधा के लिए भी हकदार नहीं होंगे।
3. यदि उम्मीदवार पहले से ही रोजगार में हैं, तो उन्हें अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।
4. उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण/साक्षात्कार के समय शैक्षिक/तकनीकी योग्यता और आयु के प्रमाण के समर्थन में मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने हैं।
5. संविदा शिक्षकों को सेवा में निरंतरता या अनुबंध अवधि के विस्तार या सेवा के नियमितीकरण का कोई अधिकार व दावा नहीं होगा।
6. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है।
7. किसी भी स्तर पर किसी भी गलत जानकारी/फर्जी प्रमाण पत्र / प्रशंसा पत्र / विवरण में विसंगति पाए जाने की स्थिति में, उम्मीदवारी / संविदा को बिना किसी सूचना के सेवा समाप्त किया जा सकता है और उनके खिलाफ मौजूदा कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
8. संविदा शिक्षक मासिक समेकित पारिश्रमिक के हकदार हैं और किसी अन्य अनुलाभ / सुविधाओं के लिए पात्र नहीं हैं। कार्य दिवसों पर ड्यूटी से अनुपस्थित रहने की स्थिति में यथानुपात वसूली की जाएगी।
9. संविदा शिक्षक अवकाश वेतन के हकदार नहीं हैं और अवकाश अवधि के लिए देय पारिश्रमिक केवल आनुपातिक आधार पर है।

11. साक्षात्कार की तिथि पर उम्मीदवारों के पास अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए, जिनका पात्रता परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षारत पात्र नहीं हैं। शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान / बोर्ड से होनी चाहिए, अन्यथा उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी। उम्मीदवारों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति चयन समिति द्वारा उनके उपयुक्त और योग्यता के क्रम में पाए जाने के अधीन होगी।
12. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने पर प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए। साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय दस्तावेजों की एक प्रति के साथ निम्नलिखित मूल दस्तावेज लाने होंगे।
    a) वर्तमान नियोक्ता से एनओसी, यदि कार्यरत है।
    b) शिक्षण अनुभव प्रमाण पत्र।
    c) मान्यता प्राप्त संस्थान / बोर्ड की शैक्षणिक / शैक्षिक योग्यता की अंकसूची / डिग्री / सर्टिफिकेट / पासिंग सर्टिफिकेट आदि)
    d) आधार कार्ड और पैन कार्ड।

प्राचार्य (प्र)

पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल नकज